दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, सोमवार 10 जनवरी 2022 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-04, अंक- 104

महत्वपूर्ण एवं खास

गुजरात से तटरक्षक बल ने दबोचे 10 पाकिस्तानी, नाव भी बरामद

गांधीनगर (आरएनएस)। गुजरात के तटरक्षक बल ने अरब सागर से पाकिस्तान के 10 नागरिकों को पकड़ा है जो पाकिस्तानी नाव 'यासीन' में सवार थे। घटना बीती रात की है। एक ऑपरेशन के तहत तटरक्षक बल ने इन्हें धर दबोचा। नाव को फिलहाल पूछताछ के लिए पोरबंदर लाया गया है। बता दें कि पिछले साल भी गुजरात के तट एक नाव को पकड़ा गया था। इस पर पाकिस्तान के 12 क्रू मेंबर सवार थे। हाल के दिनों में देखा गया है कि पाकिस्तान समुद्र के रास्ते भारत समेत अन्य देशों में ड्रग्स की खेप पहुंचाने की कोशिश में लगा है। पिछले महीने इंडियन कोस्ट गार्ड और गुजरात एटीएस ने एक संयुक्त अभियान चलाकर पाकिस्तानी नौका अल हुसेनी को भारतीय समुद्री सीमा में पकड़ा था। इसकी तलाशी के दौरान इसमें 77 किलो हेरोइन बरामद की गई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब 400 करोड़ रुपये आंकी गई। इस दौरान पाकिस्तानी नौका से 6 लोगों को भी पकड़ा गया था।

अज्ञात वाहन में घुसी तेज रफ्तार मिनी वैन, 5 की मौत

अहमदाबाद (आरएनएस)। गुजरात के अहमदाबाद जिले के धोलका कस्बे के पास एक मिनी वैन आगे जा रहे एक अज्ञात वाहन में जा घुसी। भीषण हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई और 10 घायल हो गए। मिनी वैन सवार लोग वडोदरा से बोटाड जिले में स्थित एक मंदिर में दर्शन करने जा रहे थे। धोलका पुलिस के अनुसार घटना बीती देर रात हुई। बताया गया है कि तेज रफ्तार मिनी वैन आगे जा रहे किसी वाहन में जा भिड़ी। पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 10 घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों में तीन महिलाएं और दो पुरुष हैं। मरने वालों में वैन का चालक भी शामिल है। पुलिस उस वाहन की तलाश कर रही है, जिसमें वैन घुसी थी। मृतकों की उम्र 27 से 48 साल के बीच है। उनकी शिनाख्ती के प्रयास जारी हैं।

जम्मू-कश्मीर, लद्दाख में 3 दिनों के बाद मौसम में हुआ सुधार

श्रीनगर (आरएनएस)। तीन दिनों तक लगातार बारिश और हिमपात के बाद, जम्मू-कश्मीर में आज मौसम में सुधार हुआ। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने अगले 48 घंटों के दौरान मौसम साफ रहने का अनुमान जताया है। विभाग के अनुसार रविवार सुबह से जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में मौसम में सुधार हुआ है। अगले 48 घंटों के दौरान मौसम शुष्क मौसम की संभावना है। आईएमडी के अनुसार, दोनों केंद्र शासित प्रदेशों में अगले 48 घंटों के दौरान रात के तापमान में गिरावट और दिन के तापमान में वृद्धि की संभावना है। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान 0.3, पहलगाम में माइनस 1.8 और गुलमर्ग में माइनस 10.0 रहा। लद्दाख के द्रास कस्बे में रात का न्यूनतम तापमान माइनस 7.3, लेह में माइनस 6.1 और कारगिल में माइनस 7.0 रहा। जम्मू शहर में न्यूनतम तापमान 6.8, कटरा में 5.2, बटोटे में शून्य से 1.8, बनिहाल में शून्य से 4.4 और भद्रवाह में शून्य से 1.0 नीचे दर्ज किया गया।

यूपी में बाघ के हमले में 12 साल की बच्ची की मौत

बहराइच (आरएनएस)। नेपाल सीमा पर अब्दुल्ला गंज वन क्षेत्र में बाघ के हमले से 12 साल की बच्ची की मौत हो गई। वन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, चेनैनी गांव निवासी परशुराम यादव की बेटी सीमा यादव अपनी बकरियों को घने जंगल में चराने के लिए ले गई थी, तभी बाघ ने उस पर हमला कर दिया। वन अधिकारी अहमद कमाल सिद्दीकी ने बताया कि जंगल बहराइच वन प्रभाग के अंतर्गत अब्दुल्ला गंज रेंज में आता है। खून के निशान और पैरों के निशान के माध्यम से लड़की की तलाश करने वाले ग्रामीणों और वनकर्मियों ने उसे गंभीर रूप से घायल अवस्था में और सिर पर गंभीर चोट के साथ पाया। अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। सिद्दीकी ने कहा कि वन विभाग ने लड़की के परिवार के सदस्यों को सहायता प्रदान की है और उसकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद मानदंडों के अनुसार परिवार को मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वनकर्मी लगातार ग्रामीणों को बच्चों को अकेले बाहर निकलने से रोकने के लिए आगाह कर रहे हैं।

देश में बेकाबू हुआ कोरोना : 24 घंटे में 159632 नए मामले, 327 लोगों की मौत

नई दिल्ली (आरएनएस)। देश में बेकाबू होते जा रहे कोरोना संक्रमण दर बढ़कर 10 प्रतिशत के पार पहुंच गई है। कोरोना की तीसरी लहर केंद्र सरकार के लिए भी चुनौती बनता नजर आ रहा है। देश के कई राज्यों ने कोरोना की रोकथाम के लिए कई सख्त पाबंदियां लगाई हैं, लेकिन संक्रमण थमने की बजाय बढ़ रहा है। वहीं पिछले एक दिन में 40,863 मरीज कोरोना को मात देकर ठीक भी हुए हैं, लेकिन सक्रीय मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के जारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले 24 घंटे में देश में 1,59,632 कोरोना मरीज सामने आए हैं। इसके बाद सक्रिय कोरोना संक्रमितों की संख्या 5,90,611 पहुंच गई है। वहीं कोरोना संक्रमण के कारण इस दौरान 327 लोगों की मौत भी दर्ज की गई है और देशभर में अब तक संक्रमण से 4,83,790 लोग मौत के मुहं में समा

चुके हैं। देश में एक दिन में 40,863 लोग ठीक होकर अपने घर भी लौट गए। देश में अब तक कोरोना संक्रमणमुक्त होने वालों की संख्या बढ़कर 3,44,53,603 हो गई है। वहीं पिछले 24 घंटे में देशभर में पहली और दूसरी खुराक मिलाकर 1.51 करोड़ वैक्सीन की खुराक दी गई। इस प्रकार भारत में अब तक 151.58 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है।

संक्रमण दर 10 प्रतिशत के पार- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक देश में अब संक्रमण दर 10 प्रतिशत के पार पहुंच चुकी है। रविवार को यह 10.21 प्रतिशत दर्ज की गई। यानी हर 100 कोरोना सैंपलों में 10 से 11 मरीज कोरोना संक्रमित मिल रहे हैं।

ओमिक्रॉन के 3623 मामले- देश में कोरोना का ओमिक्रॉन वैरिएंट भी तेजी से अपने पैर पसार रहा है। अब तक इसके 3623 मामले सामने आए हैं। सबसे ज्यादा मामले महाराष्ट्र में है। यहां ओमिक्रॉन संक्रमितों की संख्या एक हजार पार कर गई है। वहीं दिल्ली में 513 लोग इससे संक्रमित हैं।

दिल्ली में 20 हजार से ज्यादा नए मामले- दिल्ली में कोरोना लगातार रिकॉर्ड तोड़ रहा है। गत 24 घंटे में यहां 20 हजार 181 नए मामले आए हैं, जबकि शुक्रवार को 17,335 मरीज मिले थे। दिल्ली में पॉजिटिविटी रेट बढ़कर 19.60 फीसदी पर पहुंच गई है। यह शुक्रवार को 17.73 फीसदी थी। राजधानी में शनिवार को सात मरीजों की मौत भी हुई है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कोरोना की स्थिति का जायजा लेने हेतु आज शाम बड़ी बैठक बुलाई

देशभर में एक बार फिर से कोरोना की बेलगाम होती रफ्तार के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कोविड-19 की स्थिति को लेकर आज बैठक करेंगे। यह बैठक दिल्ली में आज यानी रविवार शाम साढ़े 4 बजे होगी। देश में आज कोरोना के करीब एक लाख 60 हजार नए केस आए हैं और ऐक्टिव केसों में भी बड़ा उछाल आया है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, बीते 224 दिनों बाद देश में कोरोना के दैनिक मामले डेढ़ लाख के पार हुए हैं। बीते एक दिन में ऐक्टिव मामलों में 1 लाख 65 हजार 553 केसों का इजाफा हुआ है। अब देश में कोरोना के कुल 5 लाख 90 हजार 611 ऐक्टिव केस हैं जो करीब 197 दिनों बाद सबसे ज्यादा हैं। वहीं, बीते 24 घंटे में कोरोना के 327 मरीजों की जान भी गई है।

आज से चलेगा तीसरी डोज लगाने का अभियान

» बूस्टर डोज पहले प्राथमिकता समूह में लगाई जाएगी

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत में कल यानी 10 जनवरी से प्राथमिकता वाले समूहों को कोरोना की तीसरी खुराक लगेगी। कुछ समय पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में 15 से 18 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों को कोरोना वैक्सीन की डोज दिए जाने का ऐलान किया था। इसके अलावा पात्र लोगों को कोरोना वैक्सीन की तीसरी डोज लगाने की भी घोषणा की थी। सरकार इसे बूस्टर के बजाय प्रिकॉशन (एहतियाती) डोज कह रही है।

सरकार के फैसले के अनुसार फ्रंटलाइन वर्कर्स और कोमोरबिडिटी वाले वरिष्ठ नागरिक तीसरी खुराक के लिए पात्र हैं। एहतियाती खुराक लेते समय डॉक्टर के प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं है, लेकिन एहतियाती खुराक लेने से पहले डॉक्टर से परामर्श करना महत्वपूर्ण है। दूसरी और तीसरी खुराक के बीच 9 महीने का अंतर होना चाहिए। इसलिए यदि आपने अप्रैल 2021 के पहले सप्ताह तक अपनी दूसरी खुराक प्राप्त कर ली है, तो ही केवल आप एहतियाती खुराक के लिए पात्र होंगे। अन्यथा, आपको अपनी दूसरी खुराक प्राप्त किए 39 सप्ताह होने तक प्रतीक्षा करनी होगी। जहां 15 से 18 आयु वर्ग के लिए वैक्सीन तीन जनवरी से लगना शुरू हो गया है वहीं अब पात्र आबादी के लिए 10 जनवरी से तीसरी खुराक दिए जाने का कार्यक्रम शुरू हो रहा है। को-विन ऐप पर प्रिकॉशन डोज के लिए रजिस्ट्रेशन 8 जनवरी से शुरू हुआ था।

अदालतों में बेहतर स्थिति के लिए बार और बेंच के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध होना जरूरी : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अदालतों में न्याय प्रशासन का संचालन सुचारु रूप से करने के लिए बार (अधिवक्ताओं का निकाय) और बेंच (पीठ) के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध बहुत आवश्यक हैं। न्यायाधीश एमआर शाह और बीवी नागरत्न की बेंच ने रविवार को यह टिप्पणी एक अधिकवक्ता की ओर से दाखिल याचिका का निपटारा करते हुए की। इस अधिवक्ता ने उत्तराखंड हाईकोर्ट ने न्यायाधीश के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां की थीं।

याचिकाकर्ता अधिवर्ता के आचरण को देखते हुए कार्रवाई के लिए हाईकोर्ट ने मामले को बार कार्उंसिल के पास भेज दिया था। हाईकोर्ट के इस आदेश के खिलाफ अधिवक्ता ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अदालतों में न्याय प्रक्रिया बिना अवरोध चलती रहे इसके लिए बार और बेंच के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध अनिवार्य हैं। अदालत में अभद्र व्यवहार करने से किसी अधिवक्ता को लाभ नहीं होता है।

याचिकाकर्ता वकील ने अदालत से मांगी बिना शर्त माफी- पीठ ने कहा कि अंत में इससे अदालत परिसर का वातावरण खराब होता है और वादी के मामले को भी खराब कर सकता है और इसके चलते वादी को बिना गलती के सजा भुगतनी पड़ सकती है। इसके बाद उत्तराखंड हाईकोर्ट में प्रैक्टिस कर रहे अधिवक्ता ने हाईकोर्ट में अपने व्यवहार को लेकर बिना शर्त माफी मांगी।

संसद के बाद सुप्रीम कोर्ट में कोरोना का कहर : सुप्रीम कोर्ट के 4 जज मिले पॉजिटिव

नई दिल्ली (आरएनएस)। कोरोना का साया अब देश की सर्वोच्च अदालत सुप्रीम कोर्ट के जजों तक भी पहुंच चुका है। सुप्रीम कोर्ट के चार मौजूदा जज कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। इससे पहले गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट के दो जज कोरोना पॉजिटिव पाए गए थे। इनके अलावा रजिस्ट्री के करीब 150 कर्मचारी भी या तो पॉजिटिव हैं या फिर आइसोलेशन में हैं। इससे पहले संसद के करीब 400 कर्मचारी-सुरक्षाकर्मी भी कोरोना संक्रमित पाए जा चुके हैं।

दरअसल, देश की सर्वोच्च अदालत सुप्रीम कोर्ट के चार मौजूदा जज कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। सबसे पहले गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट के दो जज पॉजिटिव पाए गए थे। इसके साथ ही रजिस्ट्री के सभी कर्मचारियों और अधिकारियों का कोरोना टेस्ट कराया गया। अब तक करीब 150 कर्मचारी या तो कोरोना पॉजेटिव पाए गए हैं या फिर क्वारंटीन हैं। इस प्रकार सर्वोच्च न्यायालय में सीजेआई एनवी रमणा सहित 32 जजों की कुल संख्या में से चार जजों के कोरोना पॉजिटिव होने से अब यहां पॉजिटिविटी रेट 12.5 प्रतिशत हो गया है।

वहीं कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सात जनवरी से पूरी तरह से वर्चुअल मोड पर सुनवाई करने का फैसला किया था। सुप्रीम कोर्ट ने अपने सभी न्यायाधीशों को अपने आवासीय कार्यालयों से काम करने का फैसला किया है।

इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक सर्कुलर के माध्यम से कहा था कि 10 जनवरी से केवल बहुत जरूरी मामलों, फ्रेश मैटर, बेल मैटर्स, डिटेंशन और तय तारीख के केस सूचीबद्ध किए जाएंगे। उधर जानकारी मिली है कि संसद में काम करने वाले कम से कम 400 कर्मचारी और सुरक्षाकर्मी कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। बताया जा रहा है कि बीती 6 और 7 जनवरी के दरम्यान संसद में काम करने वाले कर्मचारियों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है।

दस्यु गौरी को मारने वाली एसटीएफटीम को मिले 27 लाख रुपये

चित्रकूट (आरएनएस)। उत्तरप्रदेश के चित्रकूट जिले के नामी डकैत उदयभान उर्फ गौरी यादव को मारने वाली एसटीएफ टीम के नौ सदस्यों को गृह सचिव अवनीश अवस्थी ने 27 लाख रुपये का ईनाम दिया है। एसटीएफ के एडीजी अमिताभ यश ने बताया कि शनिवार को यह ईनाम मिला है।

ज्ञात है कि तीस अक्टूबर को मप्र व उप्र में आतंक का पर्याय बने नामी डकैत उदयभान उर्फ गौरी यादव पर साढ़े पांच लाख का ईनाम था। एसटीएफ टीम ने गौरी यादव को बहिलपुरवा थाना क्षेत्र के मारो बंधा के पास जंगल में मुठभेड में कई राउंड फायरिंग के बाद मार गिराया था। मुठभेड में गिरोह के अन्य सदस्य अंधेरे का लाभ

उठाकर भाग निकले थे। दस्यु गौरी यादव 2005 में डकैत बना था। पहले वह दस्यु ददुआ व दस्यु ठोकिया के गिरोह में काम करता था। बाद में दस्यु गौरी एसटीएफका मुखबिर बनकर मुखबिरी करने लगा था। ददुआ-ठोकिया खात्मे के बाद खुद डकैत सरगना बन बैठा था। दस्यु गौरी डकैतों की धमक देखकर खुद डकैत बन गया था।

अपर पुलिस महानिदेशक अमिताभ यश ने बताया कि ईनाम की धनराशि एडीजी प्रशांत कुमार व उन्हें तथा निरीक्षक जयप्रकाश राय, दरोगा अमित तिवारी, दरोगा संतोष सिंह, दीवान राजकुमार शुक्ला, सिपाही शिवानन्द शुक्ला, कमांडो विनोद कुमार सिंह, कमांडो अस्तभान यादव को मिलेगा। ददुअ-ठोकिया के बाद गौरी यादव बीहड में बडा नाम बन चुका था। मार्च 2021 में चित्रकूट के जंगलों में फायरिंग कर दहशत फैला दी थी। 20 साल पहले डकैती की दुनिया में घुसने वाले गौरी यादव ने 2005 में अलग गैंग बनाया था। 2007 में ददुआ और 2008 में ठोकिया के मारे जाने के बाद 2009 में गौरी यादव गिरफ्तार होकर जेल गया था। जमानत पर बाहर आने के बाद मप्र के रीवां व सतना की तीन विधानसभा क्षेत्र में उसका दबदबा था। जिले की मऊ-मानिकपुर व कर्वी विधानसभा व बांदा की नरैनी की विधानसभा में उसका दखल था। उप्र-मप्र में तकरीबन 85 मामले दर्ज थे। पहला मामला नयागांव थाना में लूट का दर्ज हुआ था। जिले के मारकुण्डी थाने में 2005 में अपहरण कर फिरौती का मामला दर्ज हुआ था। 2013 में दस्यु गौरी ने बेलहरी गांव आये दिल्ली के पुलिस दरोगा की गोली मारकर हत्या कर दी थी। दस्यु गौरी के बचपन में ही पिता का साया उठ गया था। उसने कक्षा दस तक पढाई की थी।

चकराता की पहाड़ियां बिखेर रही चांदी सी चमक

विकासनगर (आरएनएस)। उत्तराखण्ड में सुबह शुरू हुई बर्फबारी थमने का नाम नहीं ले रही है। रविवार देर शाम तक चकराता और उसके आसपास के क्षेत्रों में रुक-रुक कर बर्फबारी हो रही है। चकराता बाजार में दिनभर रुक-रुककर बर्फ के फोहे गिरते रहे, जिनका पर्यटकों ने खूब लुफ्त उठाया। चकराता में जहां तीन इंच तक बर्फ जमी हैं, वहीं ऊंचाई वाली पहाड़ियों पर दो से तीन फीट तक बर्फ ने मोटी सफेद चादर ओढ़ी हुई है। जिससे पूरे चकराता क्षेत्र में शीत लहर चल रही है। चकराता में रविवार को कभी धूप निकली तो कभी रुक-रुककर बर्फ के फोहे गिरते रहे, जिनका पर्यटकों ने खूब लुत्फ उठाया। हालांकि ऊंचाई वाली पहाड़ियों लोखंडी, देवबन खडम्बा, बुधेर, व्यास शिखर, मोयला टॉप, कोटी कनासर आदि जगहों पर पूरे दिन रुक-रुककर बर्फबारी जारी है। लोखंडी में लगभग दो फिट व अन्य ऊंची चोटियों पर 3 फिट तक बर्फ पड़ी है। बर्फबारी के बाद रविवार को क्षेत्र का तापमान गिरकर अधिकतम तीन डिग्री और न्यूनतम एक डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। कड़ाके की ठंड के चलते लोग घरों और दुकानों के अंदर दुबके हैं और सर्दी से बचने को अंगीठी, हीटर का सहारा ले रहे है। सर्दी के चलते बाजारों में लोग नजर नहीं आये।

भारी बरसात ने गिराया पारा, फिर से उत्तर भारत में सर्दी ढाएगी सितम

नई दिल्ली (आरएनएस)। उत्तर भारत के कई इलाकों में बारिश हो जाने से आने वाले दिनों में पारा और अधिक गिर जाएगा जिससे ठंड बढ़ने की संभावना अधिक हो गई। मौसम विभाग ने भविष्यवाणी की है कि उत्तर पश्चिम भारत, विशेष रूप से पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में न्यूनतम तापमान में अगले दो-तीन दिनों में 4 से 6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना है। दरअसल, मौसम विभाग ने कहा कि अगले 48 घंटों के दौरान पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में और अगले 24 घंटों के दौरान उत्तर पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में भारी से बहुत भारी वर्षा के साथ तीव्र वर्षा होने की

संभावना है। इससे 8 से 12 जनवरी तक मध्य भारत में और पूर्वी भारत में 10 से 13 जनवरी के दौरान तेज आंधी गतिविधि जारी रहेगी।

अपने पूर्वानुमान बुलेटिन में मौसम विभाग ने बताया कि रविवार तक पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में व्यापक रूप से हल्की से मध्यम वर्षा या बर्फबारी होने की संभावना है और उसके बाद इसमें काफी कमी आएगी। जम्मू-कश्मीर-लद्दाख-गिलगित-बाल्टिस्तान-मुजफ्फराबाद और हिमाचल प्रदेश में बहुत भारी वर्षा या बर्फबारी की संभावना है। 9 जनवरी को हिमाचल प्रदेश और 8 जनवरी को उत्तराखंड में अलग-अलग भारी वर्षा या बर्फबारी की संभावना है।

भारतीय मौसम विभाग के महानिदेशक एम महापात्र ने कहा कि दिल्ली में पहले ही बारिश के कारण मध्यम बारिश दर्ज की जा चुकी है। पंजाब और हरियाणा के पश्चिमी हिस्सों में धीरे-धीरे बारिश कम होगी। जम्मू-कश्मीर में शुक्रवार को व्यापक हिमपात हुआ। अब मध्य प्रदेश और पड़ोसी उत्तर प्रदेश में तेज बारिश की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ, जिसके कारण उत्तर पश्चिम भारत में बारिश हुई, के धीरे-धीरे पूर्व की ओर बढ़ने और वहां बारिश, गरज के साथ बारिश होने की उम्मीद है।

इसके साथ ही पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बारिश जारी रहने की संभावना है, रविवार से इसमें कमी आएगी। पूर्वी उत्तर प्रदेश और पश्चिम मध्य प्रदेश में 8 और 9 जनवरी को, पूर्वी मध्य प्रदेश में 8 से 12 जनवरी के दौरान और बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ में 10 से 12 जनवरी के दौरान और विदर्भ में 9 जनवरी के दौरान व्यापक रूप से व्यापक वर्षा होने की संभावना है।

अगले 24 घंटों के दौरान पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में न्यूनतम तापमान में मामूली गिरावट और अगले 2-3 दिनों के दौरान 4-6 डिग्री सेल्सियस तेजी से गिरने की संभावना है और उसके बाद कोई महत्वपूर्ण बदलाव नहीं होगा। इसके अलावा अगले 2-3 दिनों के दौरान उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में न्यूनतम तापमान में कोई महत्वपूर्ण बदलाव की संभावना नहीं है और बाद के 3 दिनों के दौरान 2-4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होगी।